देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 175 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
बात जिम्मेदारी की



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 16 अक्टूबर 2024



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 19.0°

79924.77

2 चीन ने ताइवान को चौतरफा घेरा

7 जसप्रीत बुमराह उपकप्तान क्यों ?

# एग्जिट पोल्स पर आत्मचिंतन की जरूरत: चुनाव आयोग

## महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव की तारीखों का ऐलान, एक साथ आएगा परिणाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। महाराष्ट्र में एक ही चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। झारखंड में दो चरणों में वोटिंग होगी। झारखंड में पहला राउंड 13 नवंबर को होगा, जबकि दूसरे चरण का मतदान 20 तारीख को होगा। उसी दिन महाराष्ट्र में भी वोटिंग होनी है। दोनों ही राज्यों के चुनाव नतीजे एक साथ ही 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। झारखंड के कई जिले नक्सल प्रभावित हैं और सुरक्षा की चिंताएं रहती हैं। इसी के चलते दो राउंड में मतदान कराने का फैसला लिया गया है।

पहले लोकसभा, फिर विधानसभा चुनावों में एग्जिट पोल्स के भद पिटने के बाद चुनाव आयोग ने भी इसे आड़े हाथों लिया है। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के तारीखों का ऐलान करते हुए देश के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने न केवल एग्जिट पोल्स पर सवाल उठाए बल्कि टीवी चैनलों को भी खुलकर नसीहत दी। उन्होंने मतगणना और फिर परिणाम प्रकाशित करने की प्रक्रिया समझाते हुए कहा कि किसी भी सूरत में सुबह 8.50 बजे से पहले कोई रुझान आने का सवाल ही नहीं उठता, फिर 8 बजने कुछ मिनटों में ही रुझान कैसे दिखाए जाने लगते हैं? राजीव कुमार ने इन रुझानों को बिल्कुल फर्जी बताते हुए कहा है कि एग्जिट पोल्स और मीडिया संस्थानों को अपनी जिम्मेदारियां समझकर आत्मचिंतन करना होगा।

राजीव कुमार ने कहा, एग्जिट पोल को हम गवर्न नहीं करते। लेकिन आत्मचिंतन की जरूरत है जरूर है कि सर्वे का सैंपल साइज क्या था, सर्वे कहां हुआ, उसका रिजल्ट कैसे आया, अगर रिजल्ट मैच नहीं किया तो मेरा कोई उत्तरदायित्व है या नहीं? ये सब देखने की जरूरत है। एनबीएस जैसी कुछ संस्थाएं हैं जो एग्जिट पोल्स को गवर्न करती हैं। मेरे हिसाब से अब वक्त आ गया है कि ये संस्थाएं आत्मचिंतन करें।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि जिस दिन पोलिंग खत्म हुई, उससे करीब–करीब तीसरे दिन मतगणना होती है। इधर, पोलिंग खत्म होने के दिन शाम छह बजे से बताया जाने लगता है कि ये होने वाला है। लोगों को भी लगता है कि यही होने वाला है।

### उम्मीद टूटने पर होता है फ्रस्ट्रेशन

चुनाव आयुक्त ने कहा कि ये सब एग्जिट पोल्स से बनी उम्मीदों के कारण होता है। दबाव में फटाफट ट्रेंड्स दिखाए जाने लगते हैं, लेकिन असल परिणाम आने के बाद उम्मीदें टूटती हैं तो बखेड़ा खड़ा हो जाता है। उन्होंने कहा, उम्मीद और असलियत में अंतर और कुछ नहीं, सिर्फ फ्रस्ट्रेशन है।



### पेजर फट सकता है तो ईवीएम क्यों नहीं हो सकता हैक

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों की घोषणा करते हुए एक बार फिर ईवीएम पर उठाए जाने वाले सवालों को खारिज किया। उन्होंने इस दौरान हाल में उठाए गए उस सवाल का भी जवाब दिया जिसमें कहा गया कि पेजर फट सकता है तो ईवीएम क्यों नहीं हैक हो सकता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि दोनों में अंतर यह है कि पेजर कनेक्टेड होता है, जबकि ईवीएम नहीं। राजीव कुमार ने एक बार फिर साफ किया कि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ संभव नहीं है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि उन्हें ईवीएम को लेकर 20 शिकायतें मिली हैं और वह सबका जवाब देना। ऐसा करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है।

### देश भर में 49 सीटों पर उपचुनाव का भी ऐलान

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने देश भर में 49 सीटों पर उप चुनाव का भी ऐलान कर दिया है। इनमें 15 राज्यों की 47 विधानसभा सीटें और दो लोकसभा सीटें शामिल हैं। इनमें केरल की वायनाड सीट भी शामिल है। अब वहां 13 नवंबर को वोटिंग होगी, जबकि 23 नवंबर को नतीजे आएंगे। इसी तरह महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर भी 20 नवंबर को उपचुनाव कराए जाएंगे। इसके भी नतीजे 23 नंवबर को आएंगे। 15 राज्यों की 47 विस और दो राज्यों में लोकसभा की 2 सीटों के उपचुनाव भी इन विस चुनाव के साथ संपन्न कराये जायेंगे। केरल की वायनाड संसदीय सीट और 47 विस सीटों के उपचुनाव झारखंड विधानसभा के पहले चरण के साथ ही 13 नवम्बर को कराये जायेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### एयर इंडिया समेत 4 विमानों में बम की खबर से हड़कंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नई दिल्ली से शिकागो जा रहे एयर इंडिया के एक विमान में बम की धमकी मिलने के बाद मंगलवार को उसे कनाडा के एक हवाई अड्डे पर उतारा गया है। इसके साथ ही घंटे भर के अंदर देश के कुल चार विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिससे हड़कंप मच गया है। बम की धमकी मिलने के बाद विमानों को नजदीकी एयरपोर्ट पर उतारा जा रहा है और उसकी गहन जांच की जा रही है।

### बीजेपी में जल्द होगा अध्यक्ष पद का चुनाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। सदस्यता अभियान के अंतिम दौर में पहुंचने के साथ ही भाजपा में संगठनात्मक चुनावों की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस सिलसिले में भाजपा के मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने के. लक्ष्मण को राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। उनके साथ नरेश बंसल, रेखा वर्मा और संबित पात्रा राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी होंगे।

# केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तारीख का एलान

## 20 नवंबर को होंगे मतदान, 23 नवम्बर को होगी मतगणना

**संवाददाता**

देहरादून। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने मंगलवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में 07 केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के संबंध में मीडिया को संबोधित किया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव हेतु 22 अक्टूबर 2024 को अधिसूचना जारी की जाएगी, नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2024 घोषित की गई है। 30 अक्टूबर 2024 को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी एवं नाम वापसी की अंतिम तिथि 04 नवंबर 2024 घोषित की गई है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव हेतु बुधवार 20 नवंबर 2024 को मतदान संपन्न होंगे एवं शनिवार 23 नवंबर 2024 को मतगणना की जाएगी।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के चलते संपूर्ण जनपद में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो चुकी है जो कि 25 नवंबर 2024 तक प्रभावी रहेगी। केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के लिए 173 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं जिसमें 7 पोलिंग बूथों पर मतदान तिथि से 2 दिन पूर्व पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा जबकि 166 पोलिंग बूथों पर पोलिंग पार्टियों को मतदान से एक दिन पहले रवाना किया जाएगा।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र को 02 जोन और 27 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें 10 स्टैटिक सर्विलांस टीम 3 शिफ्ट में निगरानी रखेंगी। इसके साथ ही सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए 8 फ्लाइंग स्क्वायड की तैनाती की गई है जबकि दो वीडियो टीम निरंतर क्षेत्र में मॉनिटरिंग करेंगी।

### विधानसभा क्षेत्र में है 90540 मतदाता

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में 90540 मतदाता है जिसमें 44765 पुरुष एवं 45775 महिला मतदाता शामिल है। पूरी विधानसभा में 1092 दिव्यांग मतदाता हैं जबकि 85 वर्ष से अधिक मतदाताओं की संख्या 641 है। विधानसभा क्षेत्र में सर्विस मतदाताओं की संख्या 2949 है।

# 9 साल बाद कोई भारतीय विदेश मंत्री पहुंचा पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। विदेश मंत्री एस जयशंकर मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए इस्लामाबाद पहुंचे, ये किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा थी। पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों ने नूर खान एयरबेस पर जयशंकर का स्वागत किया।

लगभग 9 सालों में यह पहली बार है कि भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान की यात्रा की। बता दें कि कश्मीर मुद्दे और पाकिस्तान से होने वाले सीमा पार आतंकवाद को लेकर दोनों पड़ोसियों के बीच संबंध खराब बने हुए हैं।

विदेश मंत्रालय ने कहा, एससीओ सीएचजी बैठक सालाना आयोजित की जाती है और संगठन के व्यापार और आर्थिक एजेंडे पर केंद्रित होती है।श नई दिल्ली में एक संक्षिप्त बयान में कहा गया, शविदेश मंत्री एस जयशंकर बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत एससीओ प्रारूप में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। मामले से परिचित लोगों ने बताया कि शाम को जयशंकर एससीओ सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ द्वारा आयोजित भोज समारोह में शामिल हो सकते हैं।

**स्वागत**

■अधिकारियों ने नूर खान एयरबेस पर जयशंकर का किया स्वागत

### 2015 में सुषमा स्वराज गई थी पाकिस्तान

पाकिस्तान जाने वाली आखिरी भारतीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज थीं। वह अफगानिस्तान पर एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए दिसंबर 2015 में इस्लामाबाद गई थीं। पाकिस्तान 15 और 16 अक्टूबर को दो दिवसीय एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट (सीएचजी) शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# चारधाम में बढ़ी यात्रियों की संख्या

■एक दिन में पहुंच रहे 23 हजार से अधिक श्रद्धालु

**संवाददाता**

देहरादून। चारधाम यात्रा फिर जोर पकड़ गई है। केदारनाथ धाम में दर्शनार्थियों की लंबी लाइन लग रही है। 14 अक्टूबर को 27 हजार 789 तीर्थयात्रियों ने चार धाम दर्शन किए। केदारनाथ की यात्रा कठिन और चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद यहां सबसे अधिक 11 हजार 309 यात्री केदार भगवान के दर्शन को पहुंचे। इसी प्रकार बदरीनाथ में 6644, गंगोत्री में 2406 और यमुनोत्री में 3290 यात्रियों ने दर्शन किए। इस यात्रा काल में अब तक कुल 40 लाख 92 हजार 360 यात्री चार धाम दर्शन कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल यात्रा प्रबंधन और सतत निगरानी के चलते केदारघाटी की आपदा भी यात्रियों के उत्साह को नहीं डिगा पाई है। अब अगले माह चारों धामों के कपाट बंद होने वाले हैं, इसलिए यात्रियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।

## न्यूज डायरी



### कमला हैरिस के समर्थन में खुलकर उतरे एआर रहमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। दिग्गज संगीतकार एआर रहमान अमेरिका की उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस के समर्थन में उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि कमला हैरिस का समतापूर्ण विश्व दृष्टिकोण सभी के लिए प्रेरक है। रहमान ने भारतीय अमेरिकी मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए जय हो जैसे अपने कई लोकप्रिय गीतों की रिकॉर्डिंग की। एआर रहमान ने यह बात पूर्व रिकॉर्डेड प्रस्तुति में इंडियास्पोरा के संस्थापक एमआर रंगास्वामी से कही। इसका प्रसारण रविवार को किया गया। उन्होंने कहा, हममें से किसी एक को आगे बढ़कर नेतृत्व करते देखना काफी प्रेरणादायक बात है और यह बहुत अच्छा होगा कि कोई पहली महिला राष्ट्रपति बनेंगी और हम सभी से उन्हें भरपूर ऊर्जा और प्यार मिलेगा। रिकॉर्डेड प्रस्तुति से पहले रंगास्वामी ने कहा, आप और हम सभी काफी उत्साहित हैं। हम आपका संगीत सुनने के लिए इंतजार नहीं कर सकते हैं। बता दें कि अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। इसमें डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से कमला हैरिस राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैं।

### हिजबुल्लाह को मिल गया आयरन डोम को चकमा देने का तरीका?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल चारों ओर से दुश्मनों से घिरा है। दुश्मनों के किसी भी हमले से बचने के लिए उसने आयरन डोम डिफेंस सिस्टम लगा रखा है। लेकिन अब इस बात का खतरा बढ़ गया है कि शायद हिजबुल्लाह को आयरन डोम को चकमा देने का तरीका मिल गया है। रविवार को एक ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत के बाद से यह सवाल उठने लगा है। आईडीएफ के प्रमुखों ने सवाल उठाया है कि आखिर उनके एयर डिफेंस सिस्टम ने हमले का पता क्यों नहीं लगाया। हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने ड्रोन के झुंड से आईडीएफ के गोलानी ब्रिगेड के एक अड्डे को निशाना बनाया था। लगभग दो सप्ताह पहले इजरायल की ओर से लेबनान पर जमीनी हमला शुरू करने के बाद यह आतंकी ग्रुप की ओर से किया गया सबसे घातक हमला था। इजरायल के पास एक वर्ल्ड क्लास एयर डिफेंस सिस्टम है, जो अब तक उसके ज्यादातर हिस्से को हमले से बचाता रहा है। इजरायली जांचकर्ता यह पता लगाने की किशिश क रहे हैं कि आखिर आयरन डोम ने एक्शन क्यों नहीं लिया। साथ ही हवाई हमले के दौरान सायरन ने अलर्ट क्यों नहीं किया। आयरन डोम उन रॉकेटों को रोकता है जो शहरी क्षेत्रों की दिशा में जा रहा होता है। इस डिफेंस सिस्टम से निकली मिसाइल खतरे को हवा में ही तबाह कर देती है। इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा है कि सरकार इसका समाधान निकालने पर काम कर रही है।

### पाकिस्तानी पीएम ने खोला मुंह तो होगा बिलावल वाला हाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आज से शंघाई सहयोग संगठन यानि एससीओ की शिखर बैठक होने जा रही है। इस बैठक में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर भी हिस्सा लेंगे। शहबाज सरकार ने इस्लामाबाद को जमकर सजा रखा है। इस बीच पाकिस्तान के पीएम कश्मीर को लेकर दुविधा में फंसे हुए हैं। वह भी तब चीन के पीएम ली किआंग भी इस्लामाबाद में मौजूद हैं। पाकिस्तान इस मौके का फायदा उठाते हुए जयशंकर के सामने खुद और चीन के जरिए कश्मीर का मुद्दा उठा सकता है। वहीं भारत ने भी साफ संदेश दे दिया है कि अगर शहबाज ने कश्मीर का मुद्दा उठाया तो भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर भी इस्लामाबाद की धरती से ही करारा जवाब देंगे। दरअसल, कश्मीर का मुद्दा उठाकर शहबाज शरीफ की कोशिश रहेगी कि दो फायदे उठाए जाएं। पहला– कश्मीर का मुद्दा उठाकर अपनी जनता को खुश करना चाहते हैं, वहीं दूसरा– पाकिस्तान कश्मीर का मुद्दा उठाकर आयरन ब्रदर चीन को खुश करने की कोशिश कर सकता है। वहीं कई विश्लेषकों का कहना है कि शहबाज शरीफ अपने भाई नवाज की तरह से लाहौर घोषणापत्र के ठीक बाद जैसे कारगिल घुसपैठ की गई थी, उसी तरह से एससीओ के दौरान कश्मीर को उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शहबाज शरीफ कश्मीर को न उठाकर चीन का मोहरा बनने से बच सकते हैं।

# भारत ने गलती की, नहीं चाहते खराब संबंधः ट्रूडो

**आरोप** कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भारत के खिलाफ जहर उगला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत के खिलाफ जहर उगला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत सरकार कनाडा में आपराधिक गतिविधियों का समर्थन करती है, जो कि एक श्मौलिक गलतीश है। ओटावा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा, पिछले सप्ताह के अंत में पीएम मोदी से बात की। तब मैंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस सप्ताह सिंगापुर में हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच होने वाली बैठक कितनी महत्वपूर्ण है। वह मीटिंग के बारे में जानते थे। मैंने कहा कि बैठक को गंभीरता से लेना चाहिए।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा और अंतर सरकारी मामलों के मंत्री डोमिनिक लेब्लांक और विदेश मंत्री मेलानी जोली मौजूद थीं। ट्रूडो ने आगे आरोप लगाते हुए कहा कि भारत सरकार ने कनाडाई लोगों के खिलाफ आपराधिक गतिविधियों का



समर्थन करके मौलिक गलती की है। ट्रूडो ने दावा किया, भारत सरकार ने यह सोच कर बुनियादी गलती की है कि वे कनाडाई धरती पर कनाडाई लोगों के खिलाफ आपराधिक गतिविधियों का समर्थन कर सकते हैं। चाहे यह हत्या हो या जबरन वसूली। यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। ट्रूडो का कहना है कि तनाव के बावजूद वह भारत के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

जस्टिन ट्रूडो ने यह भी कहा कि वह भारत के साथ रिश्ते खराब नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा, श्यह कनाडा की ओर से भारत के साथ संबंधों को खराब करने का कोई विकल्प नहीं है। भारत एक महत्वपूर्ण लोकतंत्र है, एक ऐसा देश जिसके साथ हमारे लोगों के बीच ऐतिहासिक रूप से गहरे व्यापारिक संबंध हैं। ऐसे समय में जब भू–राजनीति में अस्थिरता है, तब लोकतंत्र को साथ रहना होगा। यही कारण है कि हमें जब पिछले साल पता चला कि एक हत्या में भारत का हाथ है तो हमने उनसे इसे ठीक करने के लिए साथ काम करने को कहा।

ट्रूडो ने आगे कहा, हम इस लड़ाई में शामिल नहीं होना चाहते, लेकिन जाहिर है कि कनाडा की धरती पर कनाडाई नागरिक की हत्या ऐसी चीज नहीं जिसे नकारा जा सके। ट्रूडो ने कहा कि कनाडा ने पारदर्शी दृष्टिकोण के साथ भारत से सहयोग मांगा है। उन्होंने कहा, पिछले साल हाउस ऑफ कॉमन्स में मेरे बयान के बाद से लेकर अब तक हर कदम पर भारत सरकार की प्रतिक्रिया नकारने, भ्रम फैलाने और व्यक्तिगत रूप से मुझ पर, कनाडा सरकार और उसके अधिकारियों की ईमानदारी पर हमला करने की रही है। भारत ने कनाडा के प्रभारी डीश्एफेयर स्टीवर्ट व्हीलर को तलब करने के कुछ घंटे बाद छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया। भारत की यह प्रतिक्रिया तब आई है जब कनाडा ने उच्चायुक्त सहित छह भारतीय राजनयिकों पर टार्गेट किलिंग का आरोप लगाते हुए निष्कासित कर दिया।

## 5 नवंबर से पहले ईरान पर अटैक करेगा इजरायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम और तेल संयंत्रों पर हमला नहीं करेंगे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इजरायल किसी भी वक्त ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमला करने को तैयार है। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल पांच नवंबर से पहले ईरान पर हमला करने की तैयारी में है।

वाशिंगटन पोस्ट के मुताबिक पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच बातचीत हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने ईरान पर जवाबी हमलों के विकल्प पर चर्चा की। हालांकि बाइडन खुलकर कह चुके हैं कि वह ईरान के परमाणु और तेल संयंत्रों पर हमले का समर्थन नहीं करेंगे।

इस बीच बाइडन से नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल ईरान के तेल और परमाणु कार्यक्रम पर हमला नहीं करेगा। दो अधिकारियों के हवाले से बताया कि नेतन्याहू ने बाइडन से कहा कि इजरायल ईरानी सैन्य ठिकानों पर हमला करने को तैयार है। अमेरिका और इजरायल एक साथ ईरान पर हमले का प्लान बनाने में जुटे हैं। नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल इस तरह से हमले का प्लान बनाने पर सहमत है, जिसका अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कोई विपरीत असर न पड़े।



**चीन ने ताइवान को चौतरफा घेरा, उड़ाए 153 फाइटर जेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन की सेना ने ताइवान को समुद्र में चारों तरफ से घेर लिया है। चीनी सेना युद्धाभ्यास कर रही है और ताइवान को डराने के लिए 153 फाइटर जेट उड़ाए हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन की सेना ने फाइटर जेट, ड्रोन, युद्धपोत और कोस्ट गार्ड के युद्धपोतों की मदद से जोरदार अभ्यास किया। चीन के इस कदम की ताइवान ने कड़ी निंदा की है और इसे बिना कारण उकसावे की कार्रवाई करार दिया है। ताइवान ने चीन के किसी भी दुस्साहस से निपटने के लिए अपनी सेना को अलर्ट कर दिया है और एंटी शिप मिसाइलें भी तैनात कर दी हैं। ताइवान ने बताया कि 25 घंटे में 153 फाइटर जेट ताइवान के आसपास देखे गए हैं। इसमें से 111 फाइटर जेट ने मेडियन लाइन को पार किया जो दोनों को अलग करती है। चीन इस सीमा रेखा को नहीं मानता है। चीन ने प्रण किया है कि वह युद्ध के लिए तैयार है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है।

# पन्नू केस में अमेरिकी आरोपी की खुद जांच करेगी भारत सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। अमेरिकी नागरिक और अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश के मामले में भारतीय अधिकारी की संलिप्तता के आरोपों की जांच के लिए गठित भारतीय जांच समिति आज अमेरिका जाएगी। दरअसल, दावा किया गया था कि पन्नू की हत्या की कोशिश के पीछे भारतीय अधिकारियों का हाथ है। इन आरोपों को लेकर भारत ने एक जांच कमेटी का गठन किया था। अब ये टीम आरोपों की जांच के लिए आज यानी की 15 अक्तूबर को अमेरिका दौरे पर जाएगी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी।

पीटीआई ने अमेरिकी विदेश विभाग के हवाले से बताया कि जांच समिति

**भारतीय जांच कमेटी करेगी वाशिंगटन डीसी का दौरा**

अपनी चल रही जांच के तहत 15 अक्टूबर को वाशिंगटन डीसी जाएगी, ताकि मामले पर चर्चा की जा सके, जिसमें उन्हें प्राप्त जानकारी भी शामिल होगी तथा अमेरिकी अधिकारियों से चल रहे मामले के बारे में नवीनतम जानकारी प्राप्त की जा सके। इसके अतिरिक्त, विदेश विभाग ने कहा कि भारत ने अमेरिका को सूचित किया है कि वे पूर्व सरकारी कर्मचारी के अन्य संबंधों की जांच करने के लिए अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं तथा आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई भी करेंगे।

पिछले नवंबर में, अमेरिकी अभियोजकों ने न्यूयॉर्क में पन्नू की हत्या की कथित साजिश के लिए भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर आरोप लगाया था। गुप्ता को पिछले साल जून में चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था, जिसे 14 जून को अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था। भारत ने आरोपों से इनकार किया है, लेकिन इसकी जांच के लिए एक आंतरिक जांच दल का गठन किया है। इस साल जुलाई में, गृह मंत्रालय ने पन्नू के सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध को अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया।

मंत्रालय के अनुसार, पन्नू का एसएफजे पंजाब में राष्ट्र–विरोधी और विध्वंसक गतिविधियों के लिए जाना जाता है, जिसका उद्देश्य भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बाधित करना है।

### लॉरेंस बिश्नोई के साथ काम करते हैं भारतीय एजेंट


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड को लेकर भारत और कनाडा के रिश्ते लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। बीते दिन भारत सरकार ने कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित करने के बाद अपने राजदूत को भी वापस बुला लिया। अब कनाडाई पुलिस ने भारतीय अधिकारियों पर बड़ा आरोप लगाया है। कनाडाई पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम लेकर भारत सरकार पर नया आरोप लगाया है। दरअसल, कनाडा की रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने कहा कि भारत सरकार के एजेंट्स गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथ मिलकर कनाडा में आतंक फैला रहे हैं। पुलिस ने यह भी दावा किया कि उनका मानना है कि भारत सरकार के अधिकारी लॉरेंस के साथ दक्षिण एशियाई समुदाय को निशाना बना रहे हैं।

# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# युवा अधिकारियों के जीवन में एक नई शुरूआत हो रही: सीएम

**नियुक्ति पत्र**

## राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा में चयनित 289 अधिकारियों को सीएम ने प्रदान किये नियुक्ति पत्र

3 सालों में राज्य में 17500 अभ्यर्थियों को प्रदान किये जा चुके हैं नियुक्ति पत्र

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा –2021 के अन्तर्गत चयनित 19 विभागों के 289 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। राज्य में पिछले तीन सालों में 17500 से अधिक अभ्यर्थियों को सरकारी सेवा में नियुक्ति दी जा चुकी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामना एवं बधाई देते हुए कहा कि आज हमारे इन युवा अधिकारियों के जीवन में एक नई शुरूआत हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के साल 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में हमारे इन युवा कर्णधारों का योगदान भी महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि हमारे ये युवा अधिकारी आजादी के अमृत काल के सिपाही हैं, जो विकसित भारत के स्वप्न को पूरा करेंगे। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में हमारे इन अधिकारियों की नियुक्ति होने से जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी आयेगी। इससे व्यवस्था को नई गति और दिशा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया था कि राज्य के सरकारी विभागों में रिक्त सभी 24 हजार पदों को भरा जायेगा। अभी अनेक पदों पर भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी और आदर्श राज्य बनाने के लिए सभी को टीम उत्तराखण्ड की भावना से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखण्ड हर क्षेत्र में देश में विशिष्ट पहचान बना रहा है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की रैंकिंग में राज्य को प्रथम स्थान मिला है। मुख्यमंत्री ने चयनित सभी अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे अपने कार्यक्षेत्र में नियमित नवाचार लायेंगे। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अन्तिम छोर के लोगों तक सहजता से पहुंचायेंगे। हमारे ये अधिकारी सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आजादी के अमृतकाल के हमारे ये कर्मयोगी अपनी प्रशासनिक क्षमता के माध्यम से आमजन की सेवा कर राज्य को लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ायेंगे।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रेमचन्द अग्रवाल, गणेश जोशी, सौरभ बहुगुणा, श्रीमती रेखा आर्या, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, एल. फैनई, डीजीपी अभिनव कुमार, सचिवगण और संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने राष्ट्रपति अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हे याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने आज अपने कांवली रोड स्थित कार्यालय में देश के भूतपूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी ने कहा कि अब्दुल कलाम को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके अधूरे कामों को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि वह सच्चे देशभक्त और प्रसिद्ध वैज्ञानिक भी थे। अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर याद करने वालों में समिति के आरिफ वारसी ,उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल,अतुल शर्मा, पारस यादव, जय बिष्ट ,दानिश नूर इम्तियाज अहमद सुशील विरवानी घ्प्रदीप कुकरेती आदि मौजूद रहे।

### 50 प्रतिशत से अधिक घोषणाओं पर कार्य भी शुरू: जिलाधिकारी

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। बीती 31 जुलाई को केदार घाटी में हुई अतिवृष्टि के बाद विभिन्न परियोनाएं क्षतिग्रस्त होने के साथ ही लोगों की आजीविका भी प्रभावित हुई। कई स्थानों पर सड़क एवं पैदल यात्रा मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए थे जिससे प्राथमिक सुविधाओं की आपूर्ति तक केदारघाटी में प्रभावित हो गई थी। वहीं भारी बारिश एवं नदी के बड़े हुए वेग पुनर्स्थापना एवं निर्माण कार्यों में बाधा डाल रहे थे बावजूद इसके शासन एवं सरकार के उचित मार्गदर्शन व सहयोग के कारण विपरीत परिस्थितियों को पार कर रिकॉर्ड समय में श्री केदारनाथ धाम यात्रा को दोबारा शुरू करने के साथ ही केदारघाटी को संवारने के लिए सभी कार्य तेजी से गतिमान हैं यह बात जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने मंगलवार को जिला कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन स्तर से जनपद के लिए अनेक घोषणाएं हुई हैं जिनमें 50 प्रतिशत से अधिक घोषणाओं पर कार्य भी शुरू कर दिया गया है जबकि शेष घोषणाएं वित्तीय स्वीकृति हेतु अंतिम चरण में हैं।

### 13 बीघा इलाके में फिर फुंका ट्यूबवेल, आपूर्ति ठप

**संवाददाता** हल्द्वानी। 13 बीघा क्षेत्र में जल संस्थान का ट्यूबवेल फिर से फुंकने के कारण पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। पानी की आपूर्ति नहीं होने के कारण अब लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण मंगलवार को भी टैंकरों के माध्यम से क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति की गई। क्षेत्र के पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने बताया कि बीते 7–8 दिन से क्षेत्र में पानी की आपूर्ति कम हो रही है। मगर ट्यूबवेल की मोटर खराब होने से अब क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है।

# पेयजल समस्या को लेकर तीन हफ्ते में जवाब दें पेयजल सचिव

**संवाददाता** नैनीताल। हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी जिले के बड़कोट में पानी की समस्या से निजात दिलाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने सचिव पेयजल एवं उत्तराखंड पेयजल निगम के प्रबंध निदेशक से तीन सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। साथ में कोर्ट ने यह भी कहा है कि जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर निगम के प्रबंध निदेशक को सुनवाई की अगली तिथि पर कोर्ट में स्वयं उपस्थित होना होगा। मामले की अगली सुनवाई अब तीन सप्ताह बाद होना तय की है।

पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार सहित पेयजल निगम से इस मुद्दे पर विस्तृत शपथ पत्र पेश करने को कहा था, लेकिन अब तक प्रकरण में जवाब पेश नहीं किया गया है। पूर्व में कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए यह भी कहा था कि यह समस्या पूरे उत्तराखंड की है। मामले के अनुसार, बड़कोट जिला उत्तरकाशी निवासी पत्रकार सुनील थपलियाल ने इस संबंध में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। इसमें कहा है कि बड़कोट में पेयजल की समस्या हो रही है।

इस समस्या के निदान की मांग को लेकर क्षेत्रवासी बीती छह जून से तहसील परिसर में क्रमिक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। क्षेत्रवासी टैंकरों से पानी ला–लाकर परेशान हो रहे हैं जबकि महज 500 मीटर की दूरी पर ही नदी है। लेकिन प्रशासन ने अभी तक क्षेत्रवासियों की इस समस्या का समाधान करने में कोई मदद नहीं की है।



### मुख्यमंत्री जन समर्पण दिवस का हुआ आयोजन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। तहसील सभागार रुद्रप्रयाग में आज मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती की अध्यक्षता में मा. मुख्यमंत्री जन समर्पण (तहसील दिवस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फरियादियों द्वारा कुल 03 शिकायतें दर्ज की गई। जिन्हें निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक सोमवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त माह के पहले व तीसरे मंगलवार को तहसील दिवस का आयोजन तथा हर माह जनपद स्तरीय अधिकारियों के द्वारा विभिन्न गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए स्थानीय स्तर पर पर ही उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

# डीएम ने सभी विभागों को समयबद्ध शिकायतों के निस्तारण करने के दिए निर्देश

**संवाददाता**

तहसील दिवस में 65 शिकायतें दर्ज, जिनमें से 51 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को नन्दानगर में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यतया शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, जंगली जानवरों, किसान सम्मान निधि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील दिवस में 65 शिकायतें दर्ज हुई। जिनमें से 51 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी 14 शिकायतें शासन स्तर की हैं। जिनको संबंधित विभागों के माध्यम से सक्षम अधिकारी तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को समयबद्ध शिकायतों के निस्तारण करने निर्देश दिए। जनप्रतिनिधियों के फोन न उठाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आवश्यक रूप से फोन उठाने और संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए।

तहसील दिवस में जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों की ओर से नन्दानगर घाट सड़क सहित घूनी मोटर मार्ग, सितेल लैटाला मोटर मार्ग, घाट भेंटी मोटर मार्ग के सुधारीकरण की मांग उठायी गयी। जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को निरीक्षण करवाते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं बगवान नांरगी सडक क्षतिग्रस्त होने को लेकर आपदा मद से एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। मोख मल्ला मोटर मार्ग के क्षतिग्रस्त होने को लेकर एनपीसी को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

वहीं ग्रामीणों की जीआईसी नन्दानगर, हाइस्कूल ल्वाणी तथा बडगुना में शिक्षकों की कमी को लेकर समस्या रखी गयी थी। जिस पर खण्ड शिक्षाधिकारी ने बताया कि 27 को काउंसलिंग होनी है। उसके पश्चात शिक्षकों की कमी को पूरा किया जाएगा। प्रा. विद्यालय सरपाणी में शौचालय निर्माण, प्राथमिक विद्यालय सेंती के शौचालय क्षतिग्रस्त होने को लेकर बीइओ को एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। वही चौनघाट इण्टर कालेज के भवन की मांग को लेकर जिलाधिकारी ने इसको पीएम श्री में लेने की बात कही। घूनी पेयजल लाइन भूधंसाव कारण के क्षतिग्रस्त हुई है।

### 75 ठेले और फड़ संचालकों का हुआ सत्यापन

**संवाददाता** हल्द्वानी। कार्यालय संवाददाता। शहर में सड़क किनारे फड़–ठेली लगाकर जीवन यापन कर रहे लोगों का नगर निगम ने सत्यापन शुरू कर दिया है। मंगलवार को सत्यापन के दूसरे दिन 75 ठेले और फड़ संचालकों का सत्यापन किया गया। वहीं बुधवार को पनचक्की चौराहे से तिकोनिया कैनाल रोड, नवाबी रोड, मुखानी क्षेत्र के ठेली, फड़ संचालकों का सत्यापन होगा। शहर में वेंडर जोन चिह्नित किए गए हैं, जहां पर फड़–ठेली कारोबारियों को जगह दी जाएगी। मगर इससे पहले नगर निगम शहर में लगने वाले ठेली, फड़ संचालकों का सत्यापन कर रहा है। मंगलवार को हाईडिल गेट से डिग्री कॉलेज, तिकोनिया और आवास विकास मार्ग में लगने वाले ठेली, फड़ संचालकों का सत्यापन किया गया।

दूसरों की सफलता जानने के बजाय खुद की सफलता पर कार्य करना चाहिए। -अज्ञात





पेज थ्री
www.page3news.in

# बात जिम्मेदारी की

**कोर्ट ने यह भी कहा कि डीयू प्रशासन चाहे तो प्रत्याशियों से वह खर्च वसूल सकता है। यानी आखिरकार सफाई का बोझ उन्हीं पर आएगा, जो इस गंदगी के लिए जिम्मेदार होंगे। यह पूरा मसला दरअसल छात्र राजनीति में बढ़ते बाहुबल और धनबल के जोर से जुड़ा है।**

अनुज श्रीवास्तव।।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनावों को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने जो सख्त रुख दिखाया है, उसका सभी संबंधित पक्षों को स्वागत करना चाहिए। हाईकोर्ट की यह पहल भले डीयू की ओर केंद्रित हो, लेकिन इससे निकला संदेश देश भर के तमाम विश्विद्यालयों के छात्र संघ चुनावों के लिए है। पहली नजर में जरूर मामला सार्वजनिक इमारतों की साफ–सफाई और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा का लगता है, लेकिन वास्तव में यहां मुद्दा छात्र राजनीति को जवाबदेह बनाने का है। हाईकोर्ट ने मतदान के कार्यक्रम के साथ छेड़छाड़ नहीं की, लेकिन मतगणना पर रोक लगाते हुए कहा कि जब तक वह इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाता कि चुनाव के दौरान पोस्टरों, बैनरों और पर्चों वगैरह के जरिए फैलाई गई गंदगी पूरी तरह साफ की जा चुकी है, तब तक नतीजे घोषित नहीं किए जाएंगे।



महत्वपूर्ण यह भी है कि इस साफ–सफाई में होने वाला खर्च शुरू में भले ही एमसीडी देगा, मगर उसकी भरपाई बाद में डीयू को करनी होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि डीयू प्रशासन चाहे तो प्रत्याशियों से वह खर्च वसूल सकता है। यानी आखिरकार सफाई का बोझ उन्हीं पर आएगा, जो इस गंदगी के लिए जिम्मेदार होंगे। यह पूरा मसला दरअसल छात्र राजनीति में बढ़ते बाहुबल और धनबल के जोर से जुड़ा है। दिल्ली में ही डीयू और जेएनयू के छात्रसंघ चुनावों के रूप में दो बिल्कुल अलग–अलग मॉडल उपलब्ध हैं। जहां जेएनयू में तर्क–वितर्क और बहस–मुबाहिसे के माहौल में चुनाव संपन्न होते हैं, वहीं डीयू में गाड़ियों के बड़े–बड़े काफिलों के साथ पूरे तामझाम के बीच चुनाव प्रचार होता है। इस बार भी बगैर नंबर वाली या पोस्टरों से ढके नंबरप्लेट वाली गाड़ियों के इस्तेमाल की शिकायतें कोर्ट के सामने आई हैं।

अफसोस की बात है कि जेएनयू मॉडल मुख्यतया वहीं तक सीमित रहा जबकि डीयू मॉडल का प्रभाव देश के तमाम विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनावों के दौरान दिख जाता है। ध्यान रहे, सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2005 में गठित लिंगदोह समिति ने यूनिवर्सिटी चुनावों में प्रति प्रत्याशी खर्च की अधिकतम सीमा 5000 रुपये तय की थी। यह तभी हो सकता है जब विश्विद्यालयों में चुनाव छात्र अपने बूते लड़ें, राजनीतिक दलों का वैचारिक प्रभाव भले हो, उन्हें अपने संसाधनों के जरिए इन चुनावों को प्रभावित करने की इजाजत न दी जाए।

डीयू चुनावों में हाईकोर्ट का ताजा दखल एक अच्छी शुरुआत साबित हो सकता है। इसे अन्य विश्वविद्यालों में भी लागू करने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन ध्यान रहे, इसका मकसद छात्र राजनीति को ज्यादा स्वच्छ, सहज और लोकतांत्रिक बनाना है, स्टूडेंट कम्युनिटी की लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति को विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुशासन की भेंट चढ़ाना नहीं।

## परम कर्तव्य




**अशोक वोहरा।** आज की धार्मिक कहानी में हम लोग लोहार की कैद में यमराज की कहानी के बारे में पढ़ने वाले हैं। इस स्टोरी इन हिंदी में लोहार कथा यमराज के बारे में महत्वपूर्ण कहानियों का जिक्र किया गया है। आप सभी जो लोग धार्मिक कहानियों को काफी ज्यादा अच्छा मानते हैं और जो लोग धार्मिक कहानियों को प्रत्येक दिन पढ़ते हैं उन सभी लिए यह धार्मिक कहानियां एक बेहतर कहानी साबित हो सकती है। ईश्वर की आराधना और पूजा करना मनुष्य के जीवन का परम कर्तव्य होता है। क्योंकि जो ईश्वर हमें इतना ज्यादा चीज खाने पीने अथवा बहुत सारी चीज से हमें मालामाल किया है उन्हें पूरे आराधना करना तो हमारा कर्तव्य ही बनता है। इसलिए आज की कहानी में हम लोग यमराज जी की कहानी, वींतउपा ज्ञींदपलंद के बारे में जानने वाले हैं। यमराज जी के इस कहानी में आज हम लोग धार्मिक कहानियों में यमराज से की कहानियां के बारे में जानने वाले हैं।

## संपादकीय

### साजिश का साया

आर्टिकल 370 हटने के बाद कश्मीर में पहले विधानसभा चुनाव हुए। 18 सितंबर को पहले चरण का मतदान हुआं करीब एक दशक बाद यह मौका आया है। लेकिन इस दौरान जो एक चीज नहीं बदली, वह है साजिश की कहानियों पर यकीन करने की आदत। 1950 के दशक से ही ऐसा चला आ रहा है। कश्मीर की मुस्लिम बहुल आबादी को जिस भी अपराध को स्वीकार नहीं करना होता, उसके लिए वह बहुत चालाकी से एक जुमला बोल देती है– मरकज की चाल या केंद्र की साजिश। यह साजिश कुछ भी हो सकती है, किसी मुख्यमंत्री को हटाना या फिर पॉश इलाके राजबाग में युवतियों का अपना डॉगी का जन्मदिन मनाना। यहां तक कि 2014 में आई विनाशकारी बाढ़ के लिए भी केंद्र को जिम्मेदार ठहरा दिया गया था। अब मौजूदा कॉन्सपिरेसी थिअरी चुनाव में खड़े निर्दलीय उम्मीदवारों को लेकर है।

# राजनीतिक फैसला

**शोपियां के बाजार में वह देखता है कि उसकी उम्र के लोग पीएम नरेंद्र मोदी का मास्क लगाए एक कार की छत पर सवार हैं। यह वही शहर है, जहां 2016 में बुरहान वानी के मारे जाने के बाद पुलिस अधिकारी भी बाहर निकलने से कतराते थे।**

राहुल पंडिता।।

एक बार खुद को जैश–ए–मोहम्मद के आतंकी की जगह रखकर सोचिए, जिसने नंगरहार के ट्रेनिंग कैंप में महीनों बिताए हैं। कड़ी ट्रेनिंग के बाद अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पार करते हुए वह बेहद मुश्किलों भरा सफर तय करके कश्मीर पहुंचता है। इस दौरान उसने नदी पार की, एक ट्रक में घंटों छिपा रहा, इस उम्मीद में कि भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा पकड़े जाने से पहले वह किसी सुरक्षित ठिकाने तक पहुंच जाएगा। उसने अपनी जान जोखिम में डालते हुए इतना खतरा उन कश्मीरियों की मदद के लिए उठाया, जिन्हें उसके ट्रेनर मजलूम कहते हैं। कश्मीर पहुंचने के कुछ दिनों बाद वह बाहर निकलता है, बिल्कुल साफ–सुथरा, दाढ़ी बनी हुई और पैरों में एडिडास के जूते। शोपियां के बाजार में वह देखता है कि उसकी उम्र के लोग पीएम नरेंद्र मोदी का मास्क लगाए एक कार की छत पर सवार हैं। यह वही शहर है, जहां 2016 में बुरहान वानी के मारे जाने के बाद पुलिस अधिकारी भी बाहर निकलने से कतराते थे।

सच कहा जाए तो केंद्र भी पूरी तरह से निर्दोष होने का दावा नहीं कर सकता। लेकिन, ऐसा एक भी बार नहीं होता, जब कोई कश्मीरी अपनी गिरेबां में झांक कर देखे कि वह एक ही वक्त में कितने किरदार निभा रहा है। एक समय वह



दिल्ली में अपने सेबों के लिए कोल्ड स्टोरेज की मांग करता है और उसी समय दूसरी तरफ वह पाकिस्तान का झंडा लहरा रहा होता है। एक रोल में वह मारे गए आतंकवादी का शोक मनाता है, जबकि पिछली शाम शायद उसी ने सेना को उस आतंकी के बारे में जानकारी दी हो।

इकबाल की बेहद मशहूर पंक्तियां हैं, 'हजारों साल नरगिस अपनी बेनूरी पे रोती है बड़ी मुश्किल से होता है चमन में दीदावर पैदा'। इनका अर्थ है कि घाटी में उगने वाला नरगिस फूल हजारों बरस खुद को कोसता रहता है कि वह अंधा है, फिर बड़ी मुश्किल से बाग में कोई सच्ची नजर वाला पैदा होता है। चुनावी रैली में खड़े होकर जब कश्मीरी इन पंक्तियों को लाखों–लाख बार दोहरा रहे होते हैं तो वे नरगिस को मजबूर कर देते हैं कि वह घाटी के अनगिनत कब्रिस्तानों से होकर गुजरते हुए आए और कहे, 'भगवान के लिए मुझे अंधा ही रहने दो। मुझे तुम लोगों में कोई दीदावर नहीं चाहिए।' अपने पलटी मारने पर कश्मीरी जिस तरह का बड़बोलापन दिखाते हैं, उस पर कश्मीर में सिस्टम का हिस्सा रहे 'बाहर' के लोग हंसते हैं। एक पुलिस अधिकारी को याद है कि कैसे बुरहान वानी के मारे जाने के कुछ दिनों बाद दक्षिण कश्मीर स्थित उनके ऑफिस में एक शख्स आया था। उसने अपनी सदरी के ऊपर गमछा पहना हुआ था बीजेपी का। उस समय स्थिति बहुत तनावपूर्ण थी। वह आदमी पुलिस सुरक्षा मांगने आया था। उस अफसर ने पूछा, बीजेपी के नाम का गमछा गले में लपेट कर तुम मेरे ऑफिस से कैसे बाहर जाओगे?' जवाब में उसने गमछा उतारकर अपनी सदरी के एक गुप्त पॉकेट में रख लिया और चला गया।

यह वही जादू–टोना है जो इस समय कश्मीर की तमाम राजनीतिक पार्टियों में देखने को मिल रहा है। सोचिए, एक नेता आपको यह सपना बेच रहा है कि सरकार में आते ही आर्टिकल 370 को वापस लाया जाएगा। फिर सोचिए, एक और नेता जो अगस्त 2019 में गिरफ्तार होते समय खुफिया एजेंसियों के सामने गिड़गिड़ा रहा था कि उसे नई दिल्ली के साथ जुड़ने का मौका दिया जाए, वह अचानक से लोगों की आकांक्षाओं की बात कर रहा है।

### सूडोकु नवताल- 5305

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -5304 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |


## अपना ब्लॉग

### आंखों पर बंधी पट्टी नहीं हटेगी

**मोहन।** इस विधानसभा चुनाव से कश्मीर में एक सरकार बन जाएगी, लेकिन इससे बहुसंख्यक कश्मीरी समाज की आंखों पर बंधी पट्टी नहीं हटेगी। कश्मीरी समाज इस समय नशे की लत से बिखरा पड़ा है। घरेलू हिंसा बढ़ रही है। कश्मीर को आज एक आधुनिक नेता की जरूरत है, जो समाज को आईना दिखा सके, लेकिन उससे पहले खुद भी आईने में झांके। बहुत संभव है कि उस व्यक्ति ने बुरहान वानी के लिए 'फातिहा' भी पढ़ा हो। वरना तो एक व्यवस्था की जगह दूसरी आ जाएगी और उन लोगों के लिए कुछ नहीं बदलेगा जो बिना डर के एक सम्मानजनक जीवन जीना चाहते हैं। और एक तीसरा नेता, जो श्रीनगर में एक छोटे से राजनीतिक पद के लिए भारतीयता दिखा रहा था, अचानक एक जमात उम्मीदवार से भी ज्यादा उत्साही धार्मिक भाषा बोलने लगा है।







## महेश बाबू की बेटी सितारा के डांस वीडियो ने मचा दी धूम

टॉलीवुड के सुपरस्टार महेश बाबू की बेटी सितारा घट्टामनेनी इतनी कम उम्र में सोशल मीडिया पर नामी चेहरा बन चुकी हैं। महेश बाबू और नम्रता शिरोडकर की बेटी सितारा का एक डांस वीडियो खूब सुर्खियों में है। इस वीडियो में सितारा दीपिका पादुकोण के फेमस गाने श्नगाड़े संग ढोल बाजेश पर जमकर डांस करती दिख रही हैं। कहते हैं न कि पूत के पैर पालने में ही दिख जाते हैं, सितारा को देखकर कुछ ऐसा ही लगता है। सितारा अपना माता–पिता के नक्शे कदम पर तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इंस्टाग्राम पर सितारा इस वीडियो में दीपिका पादुकोण की फिल्म श्गोलियों की रासलीलारू रामलीला के पॉप्युलर सॉन्ग पर डांस करती दिख रही हैं। हालांकि, यहां बता दें कि ये वीडियो कोई लेटेस्ट वीडियो नहीं है, लेकिन सोशल मीडिया पर इस वक्त सितारा का ये डांस परफॉर्मेंस खूब पसंद किया जा रहा है। बता दें कि सितारा ने हाल ही में 20 जुलाई को अपना 12वीं बर्थडे सेलिब्रेट किया है। सितारा इतनी सी उम्र में इंटरनेट सेंसेशन बन चुकी हैं। महेश बाबू की लाडली क्लासिकल डांस में ट्रेनिंग भी ले रही हैं। सितारा अक्सर अपने डांस वीडियोज शेयर किया करती हैं। महेश बाबू खुद भी सोशल मीडिया पर बेटी के डांस वीडयोज शेयर किया करते हैं।

## राजकुमार राव चाहकर भी नहीं खरीद सकते कोई लग्जरी कार

इन दिनों जो एक्टर छाया हुआ है, वो है राजकुमार राव। पहले स्त्री 2 और अब विक्की विद्या का वो वाला वीडियोश में दिखाई दे रहे हैं। फिल्म में इनके अभिनय के साथ–साथ इनके डांस की भी खूब चर्चा हो रही है। फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। श्रद्धा कपूर स्टारर तो 600 करोड़ के क्लब में पहुंचने के लिए जद्दोजहद कर रही है। वहीं, तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म की सांस फूल रही है। इस बीच एक्टर ने इस बात का खुलासा किया है कि वह इतने भी अमीर नहीं कि 6 करोड़ की कार खरीद सकें। राजकुमार राव ने बताया कि वह उतने अमीर नहीं हैं, जितना लोग उन्हें मानते हैं। मैं ईमानदारी से कहूं तो इतना पैसा है नहीं, जितना लोगों को लगता होगा कि ये तो भाई 100 करोड़. इतना नहीं है। भाई, ईएमआई चल रही है। राजकुमार राव ने आगे बताया, मतलब घर लिया हुआ है, उसकी ईएमआई है अच्छी खासी। तो मतलब ऐसा भी नहीं है कि नहीं है। पर ऐसे वाला नहीं है कि आज मन किया कि (कार) शोरूम में जाकर, कितने की है वो? पूछूं।

## पंचायत एक्ट्रेस नीना गुप्ता ने नातिन संग शेयर की पहली तस्वीर



पंचायत एक्ट्रेस नीना गुप्ता ने सोशल मीडिया पर अपनी नातिन के साथ पहली तस्वीर शेयर की है। बता दें कि हाल ही में उनकी बेटी मसाबा मां बनी हैं। मसाबा ने बेबी गर्ल को जन्म दिया है और अपनी नातिन को बाहों में भरकर नीना के दिल का सुकून चेहरे पर भी साफ दिख रहा है। नीना गुप्ता हाल ही में नानी बनी हैं। उन्होंने अपने घर का पहला चिराग अपनी नातिन के साथ पहली झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। इस तस्वीर में नीना गोद में बच्ची को लेकर उसे गले से लगा रही हैं। नीना नातिन को गले लगाते हुए सुकून भरी सांसें लेती दिख रही हैं। पंचायत में प्रधान का किरदार निभा चुकीं नीना गुप्ता रिश्ते में एक पायदान ऊपर पहुंच गई हैं। जो अब तक केवल मां थीं, अब वो नानी बन गई हैं। नीना गुप्ता ने नातिन के साथ तस्वीर शेयर कर लिखा है, मेरी बेटी की बेटी, रब राखा। नीना के चेहरे पर मुस्कुराहट, खुशी, तसल्ली और सुकून सबकुछ एकसाथ दिख रहा है। नीना के इस पोस्ट पर लोगों ने उन्हें नानी बनने की बधाइयां भी खूब दी हैं। बता दें कि मसाबा और उनके हसबैंड सत्यदीप मिश्रा की बेटी का जन्म 11 अक्टूबर को ठीक उसी दिन हुआ जिस दिन अमिताभ का बर्थडे सेलिब्रेट होता है। उन्होंने बच्ची के पैरों की एक मोनोक्रोमैटिक तस्वीर शेयर कर अपनी भावनाएं जाहिर की। दोनों ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर अपने पहले बच्चे के जन्म की खबर शेयर की। उन्होंने लिखा, हमारी बहुत खास छोटी सी बिटिया एक बहुत ही खास दिन पर आई।

# ऐश्वर्या और अभिषेक बच्चन के वीडियो ने कर दी बोलती बंद!

*एक नए वीडियो से पता चला है कि ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन, अनंत अंबानी की शादी के प्री–वेडिंग में एक साथ खुलकर एंजॉय कर रहे थे। अंबानी परिवार ने अनंत अंबानी की एक नई डॉक्यूमेंट्री रिलीज की है, जिसमें इस साल मार्च में जामनगर में हुए तीन दिन के प्री–वेडिंग फंक्शन की झलकियां दिखाई गई हैं। डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर भी शेयर किया गया और इसमें अभिषेक और ऐश्वर्या एक साथ थे। वीडियो में ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ बैठे हुए हैं। वे गाने की धुनों पर थिरकते हुए परफॉर्मेंस को एंजॉय करते नजर आए। अभिषेक और ऐश्वर्या बातचीत करते भी नजर आए। यह वीडियो कपल के तलाक की अफवाहों के बीच सामने आया है।*




एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**तलाक की खबरों के बीच ऐश्वर्या और अभिषेक**

पिछले कुछ समय से ऐश्वर्या और अभिषेक के बीच तलाक की खबरें चल रही हैं। इस कपल की शादी को अब 17 साल से अधिक हो गए हैं, लेकिन इस साल जुलाई में अनंत अंबानी की शादी में ऐश्वर्या राय बच्चन परिवार के साथ फोटो खिंचवाने नहीं गईं जिसके बाद ये खबरें और भी तेज हो गईं।

**कहां से शुरू हुई गपशप?**

वे शादी के मंडप में फिर से मिले, लेकिन शादी के तुरंत बाद ऐश्वर्या अभिषेक के बिना छुट्टियां मनाने चली गईं, जिसे लेकर काफी चर्चा हुई। इससे भी बड़ी बात यह है कि अभिषेक ने तलाक के बारे में एक पोस्ट को लाइक किया, जिससे अटकलें तेज हो गईं।



**ऐश्वर्या ने अमिताभ बच्चन को किया विश**

हालांकि, ऐश्वर्या ने अमिताभ बच्चन के जन्मदिन के लिए अपनी पोस्ट से अफवाहों पर लगाम लगा दिया। पिछले हफ्ते बिग बी 82 साल के हो गए और इस मौके पर ऐश्वर्या ने इंस्टाग्राम पर आराध्या के साथ अमिताभ की एक फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा, हैप्पी बर्थडे पा–दादाजी, भगवान का आशीर्वाद हमेशा बना रहे।

**अनंत-राधिका की प्री वेडिंग कहां देखें?**

इस बीच, अनंत अंबानी ने जुलाई में राधिका मर्चेंट से शादी कर ली। दोनों की शादी मुंबई में हुई। शादी समारोह में कई बॉलीवुड स्टार्स, अंतर्राष्ट्रीय मेहमानों और कई लोगों ने शिरकत की। शादी के बाद तीन रिसेप्शन भी हुए। अनंत–राधिका के प्री वेडिंग का ये वीडियो फिलहाल जियो सिनेमा पर स्ट्रीम हो रहा है।

# ऋचा चड्ढा ने बेटी को ऐसे पकड़ा कि कायल हो गए फैंस

*ऋचा चड्ढा और अली फजल ने इसी साल बेटी का स्वागत किया है और तब से सातवे आसमान पर हैं। दोनों को हाल ही में फैमिली ट्रिप पर जाते हुए देखा गया। एयरपोर्ट पर उन्हें देखकर लोगों का ध्यान जिस चीज पर गया, वो थीं ऋचा जिन्होंने अपनी बेटी को बड़े प्यारे तरीके से कैरी किया था।*



ऋचा चड्ढा और अली फजल को छुट्टियों के लिए रवाना होते हुए एयरपोर्ट पर देखा गया। पपाराजी के शेयर किए गए एक वीडियो में, ऋचा को अपनी बेटी को गर्म कंबल में लपेटे हुए देखा गया, जबकि अली सामान और पासपोर्ट को संभाल रहे थे। कैमरे के सामने पोज देते हुए अली ने फोटोग्राफरों से कहा कि, थोड़ा सा देख लेना आप लोग प्लीज। सॉरी, बच्चे की फोटो मत लेना।

**बेटी को ऐसे लेकर ऋचा ने जीत लिया दिल**

कपल के कैजुअल एयरपोर्ट स्टाइल ने भी सबका ध्यान खींचा। अली ने चप्पलों के साथ ग्रे कार्गो पैंट, एक काली टी–शर्ट, एक लाल टोपी और काला चश्मा पहना था। उनके लंबे बाल उनके लुक में चार चांद लगा रहे थे। ऋचा ने सफेद टी–शर्ट, नियॉन पिंक पैंट और सफेद स्नीकर्स पहने थे। सफेद टोपी और पोनीटेल के साथ वो भी प्यारी लग रही थीं। ऋचा ने जिस तरह से अपनी बेटी को पकड़ रखा था, उनका ये वीडियो लोगों को बहुत पसंद आया। ऋचा और अली 4 अक्टूबर, 2022 को शादी के बंधन में बंधे और उनकी बेटी का जन्म 16 जुलाई, 2024 को हुआ।

**ऋचा चड्ढा की वेब सीरीज**

वर्कफ्रंट पर, ऋचा ने हाल ही में संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज हीरामंडी में काम किया, जहां उनके लज्जो के किरदार की काफी तारीफ की गई। इस बीच, अली को आखिरी बार मिर्जापुर 3 में देखा गया था। उनके पास कई सारे प्रोजेक्ट्स हैं, जिसमें सामंथा रुथ प्रभु के साथ थ्रिलर श्रक्त ब्रह्माण्डश और राज और डीके की राहीश भी है।

**सारा अली खान के साथ अली फजल की फिल्म**

अली के पास अनुराग बसु की मेट्रो...इन दिनों भी है, जिसमें में सारा अली खान, आदित्य रॉय कपूर, पंकज त्रिपाठी, नीना गुप्ता, कोंकणा सेन शर्मा और फातिमा सना शेख हैं। यह फिल्म 29 नवंबर 2024 को रिलीज होगी।

# पेट में हो रहे दर्द को ना करें इग्नोर, अपेंडिसाइटिस का हो सकता है लक्षण

*अगर आपको अपेंडिसाइटिस है तो आपको नाभि के आसपास हल्का दर्द हो सकता है लेकिन धीरे-धीरे यह दर्द गंभीर रूप ले सकता है। इसके अलावा मतली, उल्टी, दस्त, कब्ज या हल्का बुखार भी अपेंडिसाइटिस के लक्षणों में शामिल हैं।*



**क्या है अपेंडिसाइटिस?**
अपेंडिक्स एक छोटी ट्यूबलर थैली होती है जो लगभग एक उंगली के साइज की होती है और बड़ी आंत के निचले दाहिने छोर से बाहर निकलती है। इसमें सूजन या संक्रमण होने पर अपेंडिसाइटिस होता है। बड़ी आंत से गुजरने वाला मल अपेंडिक्स को ब्लॉक या संक्रमित कर सकता है जिससे सूजन हो सकती है। सूजन के कारण अपेंडिक्स फट सकता है, अपेंडिक्स फटने से आंतों के अंदर से बैक्टीरिया पूरे पेट में फैल जाता है। इस स्थिति को पेरीटोनाइटिस कहते हैं जो जानलेवा भी हो सकता है।

**एक्यूट अपेंडिसाइटिस और क्रहनिक अपेंडिसाइटिस**
अपेंडिसाइटिस लगभग हमेशा ही अचानक शुरू होती है और बहुत ही तेजी से बढ़ती है। वहीं क्रॉनिक अपेंडिसाइटिस एक रेयर कंडीशन है। ऐसा तब होता है जब कोई चीज लंबे समय तक अपेंडिक्स को परेशान करती है लेकिन यह फिर भी खराब नहीं होती है। क्रॉनिक अपेंडिसाइटिस का पता नहीं चल पाता है क्योंकि इसके लक्षण साइलेंट होते हैं। हालांकि किसी भी तरह का अपेंडिसाइटिस गंभीर हो सकता है। यदि आपको लंबे समय से पेट में दर्द हो रहा है और इसका कारण आप नहीं समझ पा रहे हैं तो आपको तुरंत अपने हेल्थ एक्सपर्ट से सलाह लेनी चाहिए। क्रॉनिक अपेंडिसाइटिस कभी भी गंभीर रूप ले सकता है।

**अपेंडिसाइटिस के लक्षण**
उम्र और अपेंडिक्स की स्थिति के आधार पर दर्द अलग–अलग जगह पर हो सकता है। चूंकि प्रेगनेंसी के दौरान अपेंडिक्स ऊंचा होता है। ऐसे में इस दौरान पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द महसूस होता है। अपेंडिसाइटिस के लक्षण कुछ आम इस प्रकार हैं जैसे पेट के दाहिने निचले हिस्से में अचानक दर्द होना, पेट फुलाना, गैस, अचानक नाभि के आसपास दर्द शुरू होना जो पेट के दाहिने निचले हिस्से तक पहुंच सकता है। खांसने या चलने पर दर्द बढ़ना और जी मिचलाना और उल्टी, भूख में कमी या हल्का बुखार आना जो स्थिति बिगड़ने पर बढ़ भी सकता है।

**अपेंडिसाइटिस का कारण**
अपेंडिक्स की परत (लुमेन) में ब्लॉकेज अपेंडिसाइटिस का संभावित कारण है। यह संक्रमण का कारण बन सकती है जिसके बाद बैक्टीरिया तेजी से बढ़ते हैं और अपेंडिक्स में सूजन आ जाती है। सूजन होने पर वहां मवाद भर जाता है। यदि तुरंत इलाज न किया जाए तो अपेंडिक्स फट या खुल सकता है। अपेंडिसाइटिस का इलाज इसकी स्थिति पर निर्भर करता है।


# अल्फा 1 एंटीट्रिप्सिन की कमी से डैमेज हो सकता है लिवर और लंग्स


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अल्फा 1 एंटीट्रिप्सिन की कमी एक अनुवांशिक स्थिति है जो फेफड़े और लिवर को नुकसान पहुंचा सकती है। आमतौर पर फेफड़ों के लक्षण एम्फाइजिमा के समान होते हैं जैसे पुरानी खांसी, सांस की तकलीफ और घरघराहट। इलाज से लंग्स डैमेज होने के खतरे को कम किया जा सकता है। अल्फा 1 एंटीट्रिप्सिन की कमी के संकेत, लक्षण और इसके होने की उम्र हर व्यक्ति में अलग अलग होती है। इस समस्या से ग्रस्त लोगों में फेफड़ों की बीमारी के पहले लक्षण आमतौर पर 25 से 50 वर्ष की उम्र के बीच विकसित होता है।

**अल्फा 1 एंटीट्रिप्सिन की कमी क्या है?**
अल्फा 1 एंटीट्रिप्सिन की कमी एक अनुवांशिक विकार है। इस स्थिति में शरीर पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन(एएटी) नहीं बना पाता है जो फेफड़ों और लिवर को डैमेज से बचाता है। अल्फा 1 एंटीट्रिप्सिन कुछ बीमारियों के जोखिम को बढ़ाता है जैसे एम्फाइजिमा, सिरोसिस और पेनिक्युलिटिस। इनमें से कुछ स्थितियां जानलेवा भी हो सकती हैं। अल्फा 1 को अनुवांशिक सीओपीडी या अनुवांशिक एम्फाइजिमा भी कहा जाता है।

**अल्फा 1 एंटीट्रिप्सिन की कमी के कारण**
अल्फा 1 एंटीट्रिप्सिन के कारण होने वाली फेफड़ों की बीमारियों के लक्षण क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पलमोनरी डिजीज (सीओपीडी) की तरह होते हैं। फेफड़ों के लक्षण आमतौर पर 30 से 50 वर्ष की आयु के बीच शुरू होते हैं जो इस प्रकार हैं जैसे सांस लेने में तकलीफ(डिस्पेनिया), खास तौर पर एक्सरसाइज या मेहनत करने के दौरान। सांस लेते समय आवाज आना यानी घरघनाहट, पुरानी खांसी अक्सर बलगम के साथ या अधिक थकान महसूस होना, बार–बार जुकाम और छाती में जकड़न।




**अल्फा 1 एंटीट्रिप्सिन की कमी के लक्षण**
करीब 10 प्रतिशत शिशुओं और 15 प्रतिशत वयस्कों को अल्फा 1 लिवर डिजीज होता है। लिवर डिजीज के संकेत और लक्षण कुछ इस प्रकार होते हैं जैसे आंखों और स्किन का पीलापन जौंडिस, खुजली, पैरों और पेट में सूजन और खून की उल्टी होना।

**अल्फा 1 एंटीट्रिप्सिन की कमी के अन्य कारण**
जिस तरह जींस आंखों और बालों के रंग को तय करते हैं ठीक उसी तरह ये शरीर के काम करने के तरीके को बदल भी सकते हैं। एक विशिष्ट जीन में अंतर (म्यूटेशन) अल्फा 1 एंटीट्रिप्सिन का कारण बनता है। सर्पीना जीन अल्फा 1 एंटीट्रिप्सिन नामक प्रोटीन का निर्माण करता है जो दूसरे प्रोटीन से फेफड़ों को होने वाले नुकसान से बचाता है। सर्पीना के कई उत्परिवर्तन है जो शरीर के अल्फा 1 एंटीट्रिप्सिन बनाने के तरीके को बदल सकता है। इनमें से कुछ आपके शरीर को एएटी बनाने के लिए कहते हैं कुछ आपके शरीर को इसे बिल्कुल भी बनाने नहीं देते हैं और कुछ एएटी को गलत तरीके से बनाते हैं जिससे यह आपके फेफड़ों तक ना पहुंच सके। इनमें से कोई भी आपके फेफड़ों में बहुत कम एएटी होने का कारण बन सकता है जिससे उसे नुकसान पहुंचता है।

**अल्फा 1 एंटीट्रिप्सिन की कमी का इलाज**
अल्फा वन आपको किस प्रकार प्रभावित करता है इसके आधार पर इलाज के कई विकल्प मौजूद हैं। जैसे ऑग्मेंटेशन थेरेपी, दवा, ऑक्सीजन थेरेपी, फुफ्फुसीय पुनर्वास, धूम्रपान बंद करने का इलाज, लंग ट्रांसप्लांट और लिवर ट्रांसप्लांट।

**इन बातों का रखें विषेष ध्यान**
यदि आपको किसी भी प्रकार का अल्फा वन है तो आपको शराब के सेवन से बचना चाहिए। शराब आपके लिवर डैमेज की संभावना को और बढ़ा सकता है। इसके अलावा आपको उन दवाइयां के सेवन से भी बचने की आवश्यकता है जो आपके लिवर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आपको किन दवाइयां से परहेज करने की जरूरत है यह जानने में आपके हेल्थ एक्सपर्ट आपकी मदद कर सकते हैं।



## आंखों की बीमारी बन सकती हैं अंधेपन की वजह, याद रखें कारण–लक्षण

इस डिजिटल जमाने में हमारा ज्यादातर समय मोबाइल, लैपटॉप और कंप्यूटर के सामने गुजरता है। ऐसे में इन सब का बुरा असर हमारी आंखों पर पड़ता है। आजकल बच्चों की आंखों पर भी मोटे चश्मे देखने को मिलते हैं। कुछ लोगों की नजर जन्म से ही कमजोर होती है या फिर परिवार में किसी को पहले से आंखों से जुड़ी बीमारी हो तो इससे भी बच्चे की नजर कमजोर हो जाती है। कई आई डिजीज के बारे में अगर समय पर पता चल जाए तो इलाज संभव होता है। जिस तरह शरीर के दूसरे अंगों को अच्छी देखभाल की जरूरत होती है ठीक उसी तरह हमें अपनी आई हेल्थ की भी केयर करनी चाहिए। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है कि हम अपनी डाइट में न्यूट्रिशनल फूड्स शामिल करें और आंखों को पर्याप्त आराम भी दें। इसके अलावा कोई भी समस्या होने पर आई केयर प्रोफेशनल से सलाह जरूर लें। सामान्य स्थिति में डॉक्टर आई ड्रॉप और चश्मा देते हैं लेकिन कोई गंभीर परेशानी होने पर आंखों की सर्जरी भी की जा सकती है। सामान्य तौर पर आई डिजीज या विजन डिसऑर्डर बेहद आम है। ज्यादातर लोग आंख से जुड़ी किसी न किसी परेशानी से ग्रस्त हैं। नेत्र रोगों का इतना आम होने का सबसे बड़ा यह कारण है कि हम शरीर के बाकी हिस्सों की तरह आंखों की सही देखभाल नहीं कर पाते हैं। ऐसी कई अलग–अलग स्थितियां है जो आंखों को प्रभावित करती हैं।

## पुरानी बीमारियों की कमजोरी के कारण हो सकता है एबरक्रॉम्बी सिंड्रोम

यदि चोट लगने पर ब्लड नहीं रुक रहा हो या फिर किसी तरह की ब्लीडिंग होने पर बहुत ज्यादा खून बह रहा हो तो यह हीमोफीलिया की बीमारी का संकेत है। जब किसी व्यक्ति को चोट लगती है तो हमारा शरीर थक्का बनाने की प्रक्रिया शुरू कर देता है, जिस कारण खून बहना रुक जाता है। लेकिन हीमोफीलिया से पीड़ित लोगों में थक्का बनने की प्रक्रिया सही से नहीं हो पाती और खून काफी समय तक बहता रहता है मामूली चोटों में भी बहुत ज्यादा रक्त बह सकता है हीमोफीलिया एक अनुवांशिक ब्लड डिसऑर्डर है जिसमें शरीर के खून का थक्का बनने में समस्या होती है यानी पीड़ित व्यक्ति का रक्त सही से जम नहीं पाता है। जब किसी व्यक्ति के शरीर में चोट लगने के स्थान पर ब्लीडिंग होने लगती है तो शरीर खून के प्रवाह को रोकने के लिए ब्लड सेल्स को एक साथ इकट्ठा करके थक्का बनाने का प्रयास करता है, जिसे क्लॉटिंग भी कहते हैं। रक्त में मौजूद प्रोटीन के कारण ब्लड में क्लॉटिंग होती है। यह प्लेटलेट्स सेल्स के साथ मिलकर थक्का बनाते हैं। जब क्लॉटिंग फैक्टर की कमी होती है या यह गायब होता है तो हीमोफीलिया की समस्या उत्पन्न होती है।

## ऊंचाई पर जाते ही होने लगता है सिर दर्द, एल्टीट्यूड हेडेक और कैसे करें बचाव



सिर दर्द होना आम बात है और यह कई वजहों से हो सकता है जैसे तनाव, चिंता, अवसाद, नींद में गड़बड़ी आदि। कभी कभी यह किसी गंभीर बीमारी का भी संकेत हो सकता है। कुछ लोगों को ऊंचाई पर जाने के बाद सिर दर्द की समस्या होती है। ऊंचाई से होने वाले इस सिर दर्द को एल्टीट्यूड हेडेक कहा जाता है। हालांकि इसका कोई भी कारण स्पष्ट नहीं है लेकिन यह गंभीर रूप भी ले सकता है जो खतरनाक हो सकता है। आइए जानते हैं क्या है एल्टीट्यूड हेडेक इसके कारण, लक्षण और बचाव के उपाय। अमेरिकन माइग्रेन फाउंडेशन के अनुसार जब आप बहुत तेजी से ऊंचाई पर जाते हैं तो सिर दर्द की समस्या हो सकती है। जैसे–जैसे ऊंचाई बढ़ती है ऑक्सीजन कम हो जाती है और शरीर के सभी उत्तकों को पोषण देने के लिए पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है। इस स्थिति को हाइपोक्सिया कहा जाता है। हालांकि हाइपोक्सिया ऊंचाई पर होने वाली बीमारी का हिस्सा है लेकिन डॉक्टर अभी भी इस बात को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है कि यह सिर दर्द जैसे लक्षणों से कैसे और किस तरह से जुड़ा है। जब आप ऊंचाई पर जाते हैं तो आपके फेफड़ों को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलता है। ऐसे में ब्लडस्ट्रीम में हाइपोक्सिया और लो ऑक्सीजन विकसित हो जाता है।





रोहित शर्मा को देना ही पड़ गया जवाब

## शुभमन गिल की जगह जसप्रीत बुमराह क्यों उपकप्तान?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए उप कप्तान नियुक्त किए जाने पर मंगलवार को कहा कि यह तेज गेंदबाज खेल की बहुत अच्छी समझ रखता है और वह शुरू से टीम के नेतृत्व समूह का अभिन्न अंग रहा है। बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से यहां से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैच की सीरीज के लिए उप कप्तान नियुक्त किया गया है। चयन समिति का यह फैसला चौंकाने वाला था क्योंकि बांग्लादेश के खिलाफ हाल में समाप्त हुई सीरीज के लिए किसी भी खिलाड़ी को उप कप्तान नहीं बनाया गया था। इससे संकेत मिलते हैं कि बुमराह भविष्य में टेस्ट टीम की कमान संभाल सकते हैं। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से पहले कहा, 'बुमराह ने बहुत अधिक क्रिकेट खेला है। मैं उनके साथ काफी क्रिकेट खेल चुका हूं। वह खेल की बहुत अच्छी समझ रखते हैं। जब आप उनसे बात करते हैं तो वह खेल को समझते हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं इस बारे में अभी बहुत अधिक कुछ नहीं कह सकता क्योंकि बुमराह ने बहुत अधिक कप्तानी नहीं की है। जितना मुझे पता है उन्होंने अभी तक एक टेस्ट मैच और कुछ टी20 मैचों में कप्तानी की है।' रोहित ने कहा, 'बुमराह समझता है कि क्या करना जरूरी है। जब आप ऐसी स्थिति में होते हैं जहां आपको एक नेतृत्वकर्ता की जरूरत महसूस होती है तो मुझे लगता है कि बुमराह उनमें से एक होंगे। इसलिए वह शुरू से हमारे नेतृत्व समूह का हिस्सा रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'चाहे वह टीम में शामिल नए गेंदबाजों से बात करना हो या टीम को आगे बढ़ाने के संबंध में की जाने वाली चर्चा हो, वह हमेशा नेतृत्व समूह का हिस्सा रहे हैं।' बुमराह ने 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच में भारत का नेतृत्व किया था।

# मोहम्मद शमी नहीं खेल पाएंगे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी!

क्रिकेट

## रोहित शर्मा ने मोहम्मद शमी की चोट को लेकर दिया बड़ा अपडेट




**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को बुधवार से बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला टेस्ट मैच खेलना है। इस मैच से पहले टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने मोहम्मद शमी की फिटनेस और उनके बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी खेलने को लेकर बड़ा अपडेट दिया है जिसके बाद खलबली मच गई है। रोहित के बयान के मुताबिक शमी का ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना बेहद मुश्किल है।

शमी पिछले साल भारत में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के बाद से टीम से बाहर चल रहे हैं। इसका कारण उनकी चोट है। उन्होंने इसी साल जनवरी में सर्जरी भी कराई थी। अभी वह बेंगलुरु में ही एनसीए में अपनी चोट पर काम कर रहे हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रही टेस्ट सीरीज से पहले रोहित ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में शमी की चोट और उनके ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने को लेकर अपडेट दिया। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए शमी को लेकर फैसला करना मुश्किल है। उनके घुटनों में सूजन है जिसके कारण वह थोड़ा पिछड़ गए हैं और उन्हें दोबारा शुरू करना होगा। इससे उनकी रिकवरी में थोड़ी देरी हुई है और उन्हें फिर से शुरुआत करनी पड़ेगी। वह एनसीए में हैं। हम उस शमी को ऑस्ट्रेलिया नहीं ले जाना चाहते जो पूरी तरह से तैयार नहीं हो। देखते हैं क्या होता है।

शमी भारत के मुख्य गेंदबाजों में शुमार हैं। उनकी सीम और स्विंग गेंदबाजी किसी भी विकेट पर किसी भी बल्लेबाज को परेशान कर सकती है। अगर वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं जाएंगे तो भारत का बहुत बड़ा नुकसान होगा। उनके न रहने से जसप्रीत बुमराह की जिम्मेदारी बढ़ जाएगी।

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज को लेकर किसी तरह की कोई रिस्क नहीं लेना चाहती। टीम इंडिया की नजरें ऑस्ट्रेलिया में लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीतने पर होंगी। भारत ने इससे पहले साल 2018–19 और 2020–21 में ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट सीरीज में मात दी थी। इस बार टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने की हैट्रिक लगाना चाहेगी और इसके लिए जरूरी है कि वह मजबूत टीम ले जाए। ऐसी टीम जिसके खिलाड़ी फिट हों और फॉर्म में हों।

## टेस्ट सीरीज से पहले न्यूजीलैंड का खस्ता हाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत से पहले कीवी टीम की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। हाल ही में न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इसकी जानकारी दी है कि तेज गेंदबाज बेन सियर्स इंजरी के चलते पूरी टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। घुटने की इंजरी के चलते बाहर हुए सियर्स की जगह अनकैप्ड बॉलर जैकब डफी को मौका मिला है।

दरअसल, न्यूजीलैंड के युवा गेंदबाज बेन सियर्स बाएं घुटने की चोट के चलते टीम के साथ भारत नहीं आए थे। न्यूजीलैंड की मेडिकल टीम रो उम्मीद थी कि कुछ दिन के उपचार के बाद वह भारत दौरे के लिए पूरी तरह से फिट हो जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। डॉक्टर्स ने उन्हें पूरी तरह से आराम करने की सलाह दी है। बेन सियर्स के इंजरी के बाद एक उनकी जगह जैकब डफी को रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया गया। उन्होंने अब तक टेस्ट में डेब्यू नहीं किया है।

# अपना 30वां जन्मदिन कभी नहीं भूला पाएंगे पूर्व पाक कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान टीम के पूर्व कप्तान बाबर आजम मंगलवार को अपना 31वां जन्मदिन मना रहे हैं। मौजूदा समय में वह पाकिस्तान टीम के साथ इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं। इस समय वह फॉर्म से जूझ रहे हैं। दूसरे टेस्ट मैच के लिए बाबर आजम को पाकिस्तान की टीम में जगह नहीं मिली है। पहले टेस्ट में उनका बल्ला खामोश रहा था और वह सस्ते में पवेलियन लौट गए थे। ऐसे में आज अपने बर्थडे के दिन वह मैच नहीं, बल्कि बेंच पर बैठे हुए हैं।

दरअसल, बाबर आजम का दिल उस वक्त टूटा जब उन्हें सेलेक्शन टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए स्क्वाड में नहीं चुना गया। ऐसा ही कुछ पिछले साल उनके 29वें जन्मदिन में हुआ था, जब उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप में भारत से हार मिली थी। पिछले दो सालों से बाबर आजम को बर्थडे पर निराश ही होना पड़ा है।

### इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए हुए ड्रॉप

इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट में पाकिस्तान की टीम 556 रनों के स्कोर बनाकर भी इंग्लैंड के बल्लेबाजों के कहर में ढेर हो गई। पाकिस्तान की टीम को इंग्लैंड के हाथों एक पारी और 47 रन से हार झेलनी पड़ी। पाकिस्तान की टीम ने आखिरी टेस्ट मैच जुलाई 2023 में श्रीलंका के खिलाफ जीता था। उसके बाद से उन्होंने लगातार 6 टेस्ट गंवाए हैं। पाकिस्तान–इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट से बाबर आजम, शहीन, नसीम और अबरार को ड्रॉप किया गया।

बता दें कि बाबर आजम ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान की टीम 2022 से अब तक एक भी घरेलू टेस्ट मैच नहीं जीत सकी है। इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट में भी पाकिस्तान का हाल बेहाल रहा। अब दूसरे टेस्ट में उनसे कमबैक की उम्मीदें की जा रही है। बाबर आजम ने साल 2016 में टेस्ट में डेब्यू किया था। टेस्ट में अब तक बाबर ने 55 मैच खेलते हुए 3997 रन बना चुके हैं। बाबर ने टेस्ट में कुल 9 शतक और 26 अर्धशतक जड़े हैं। आखिरी टेस्ट मैच उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में खेला था, जिसकी पहली पारी में उन्होंने 30 रन और दूसरी पारी में 5 रन बनाए।

## न्यूज डायरी



### आईएसएल की तर्ज पर अब उत्तर प्रदेश में होगी फुटबॉल लीग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि वह उत्तर प्रदेश को फुटबॉल का एक बड़ा हब बनाना चाहते हैं और इसके लिए जो भी संभव होगा उसका क्रियान्वयन किया जाएगा। उनकी इसी योजना को धरातल पर लाते हुए जल्द ही अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के सानिध्य में उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ इंडियन सुपर लीग की तर्ज पर उत्तर प्रदेश सुपर लीग का आयोजन करने जा रहा है। हालांकि इसकी अभी कोई निश्चित तारीख तो तय नहीं हुई है, लेकिन मार्च तक फुटबॉल प्रेमियों को मैदान में कॉर्नर किक और पेनाल्टी शूटआउट देखने को मिल सकता है। 15 अक्टूबर को ग्रेटर नोएडा में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के जनरल सेक्रेटरी ने कहा कि, आईएसएल की तर्ज पर उत्तर प्रदेश सुपर लीग का खाखा तैयार कर लिया गया है और आगामी कुछ महीनों में इसे धरातल पर उतार दिया जायेगा। इसके पहले सीजन में 8 फ्रेंचाइजी टीमों को शामिल किया जाएगा। साथ ही इवेंट को बड़ा प्रारूप देने के लिए कमर्शियल राइट्स से लेकर इवेंट मैनेजमेंट की सारी तैयारियों का जिम्मा 100 स्पोर्ट्स को सौंपा गया है। इस दौरान मौजूद नोएडा फुटबॉल संघ के सेक्रेटरी ने उत्साह जाहिर करते हुए बताया, मुझे यह बताते हुए बड़ा हर्ष हो रहा है मुख्यमंत्री के कथन को यथार्थ करने की ओर हमने कदम बढ़ा दिया है।

### रियल मैड्रिड के दिग्गज खिलाड़ी पर रेप का आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। फुटबॉल फैंस को उस वक्त तगड़ा झटका लगा जब युवा स्टार स्ट्राइकर कीलियन एम्बाप्पे को लेकर एक अखबार ने बड़ा खुलासा किया। उसने रियल मैड्रिड के स्टार खिलाड़ी पर संगीन आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट छापी। रिपोर्ट में दावा किया गया कि फ्रांसीसी फुटबॉलर ने एक महिला का रेप किया। यह पूरा मामला उस वक्त का बताया जा रहा है जब एम्बाप्पे ब्रेक पर थे। दूसरी ओर, फुटबॉलर ने पूरी रिपोर्ट को फेक बताते हुए अखबार के खिलाफ एक्शन की तैयारी कर ली है। दरअसल, स्वीडन के डेली अखबार अफ्टोंब्लाडेट की रिपोर्ट की मानें तो कीलियन एम्बाप्पे नेशन कप टूर्नामेंट में अपनी टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे थे। उन्होंने ब्रेक लेने का फैसला किया था। इस दौरान वह अपने कुछ दोस्तों के साथ स्वीडन गए। यहां स्टॉकहोम के सिटी सेंटर में उन्होंने रेस्टोरेंट में खाना खाने के बाद एक महिला का रेप किया। इस महिला ने स्टॉकहोम पुलिस के पास फुटबॉलर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्वीडन के अफ्टोंब्लाडेट की रिपोर्ट पब्लिक में आते ही सोशल मीडिया पर कोहराम मच गया। कीलियन एम्बाप्पे पर रेप का आरोप लगने से रियल मैड्रिड के फैंस सकते में आ गए। हर कोई इस पर सवाल उठा रहा था कि एम्बाप्पे को सोशल मीडिया पर रिएक्शन देने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने इस संगीन आरोप का सिरे से खारिज किया।

### भारत को बाहर करने के लिए पाकिस्तान ने चली घिनौनी चाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस समय यूएई में खेले जा रहे टी20 वर्ल्ड कप–2024 से बाहर हो गई है। उसका सेमीफाइनल में जाना पाकिस्तान की जीत पर निर्भर था। पाकिस्तान को न्यूजीलैंड ने हरा दिया और इसी के साथ भारत का वर्ल्ड कप जीतने का सपना,सपना ही रह गया। लेकिन इस मैच में पाकिस्तान के हारने पर सवाल उठ रहे हैं और ये सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि पाकिस्तान की खिलाड़ियों ने कुछ ऐसा कर दिया जो आमतौर पर होता नहीं है। पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के हाथों 54 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट खोकर 110 रन बनाए थे। पाकिस्तान की टीम 11.4 ओवरों में महज 56 रनों पर हार गई। इस मैच में पाकिस्तान टीम को सिर्फ अपने देश से ही समर्थन नहीं मिल रहा था बल्कि भारत से भी साथ मिल रहा था। लेकिन पाकिस्तान ने अपने टी20 इतिहास के सबसे खराब प्रदर्शनों में से एक किया और नतीजा ये रहा कि वो तो हार गई और भारत की उम्मीदें भी तोड़ दीं। इस मैच में पाकिस्तान की फील्डरों ने आठ कैच छोड़े। ये कैच मुश्किल नहीं थे। कई कैच इसमें काफी आसान थे जो आसानी से पकड़े जा सके थे। ये कैच गर पकड़ लिए जाते तो न्यूजीलैंड की टीम और सस्ते में ढेर हो जाती।

पेज थ्री देहरादून
हमारा दून
देहरादून, बुधवार, 16 अक्टूबर 2024




अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी केदारनाथ विस उपचुनाव के संबंध में संबोधित करते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### रोडवेज कर्मियों के आंदोलन में शामिल होगा महासंघ

**संवाददाता** देहरादून। राज्य निगम कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने रोडवेज कर्मियों के प्रस्तावित आंदोलन को समर्थन दिया। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मुलाकात में महासंघ प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि रोडवेज संयुक्त परिषद के आंदोलन को पूरा सहयोग किया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्गों पर निजी बसों के संचालन पर तत्काल रोक लगाई जाए। कहा कि निगम कर्मियों की मांगों का भी समाधान नहीं निकाला जा रहा है। इसके विरोध में 21 अक्तूबर से कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया जाएगा। तत्काल संविदा, आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित किया जाए। इस दौरान महासचिव बीएस रावत, दिनेश पन्त, श्याम सिंह नेगी मौजूद रहे।

### जिला अस्पताल में 200 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल कोरोनेशन के डीईआईसी केन्द्र में मंगलवार को एक मल्टी स्पेशियलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच, नाक–कान–गला, मनोरोग, बाल रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग संबंधी जांच की गई और मुफ्त दवाएं बांटी। शिविर में पौड़ी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी और देहरादून से आए 200 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 60 बच्चों की हृदय रोग संबंधी जांच की गई, इनमें से पांच को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया।

### गड्ढा मुक्त सड़क के दावे को कांग्रेस ने बताया खोखला

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस ने गड्ढा मुक्त सड़क के दावे को कांग्रेस ने खोखला बताया। महामंत्री नवीन जोशी ने कहा कि सरकार ने 15 अक्तूबर तक प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का वादा किया था। जो गलत साबित हुआ। प्रदेश की सड़कों के अलावा देहरादून राजधानी तक की सड़कों को सरकार गड्ढा मुक्त नहीं कर पाई। देहरादून स्मार्ट सिटी की घोषणा के बाद हालात और अधिक खराब हो गए हैं। नगर निकायों में चुनाव समय पर कराने से भाजपा कतरा रही है।

### सफेद छड़ी दिवस पर दिव्यांगों को मिली नौकरी

**संवाददाता** देहरादून। दृष्टि–दिव्यांगों के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान में सफेद छड़ी दिवस मनाया गया। सफेद छड़ी दृष्टिबाधितों की स्वतंत्रता और आत्मविश्वास का प्रतीक है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल ने दृष्टिबाधित छात्र–छात्राओं एवं अन्य कर्मचारियों की लघु पद यात्रा को हरी झंडी दिखाई।

# दून में नहीं थम रहे फर्जी रजिस्ट्री के मामले

**फर्जीवाड़ा**

■ पनप रहे नए–नए भू–माफिया, हड़प रहे लोगों की सम्पत्ति



**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड बनने के बाद से ही प्रदेश में भू–माफियाओं का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहरों के साथ ही गाँवों और कस्बो तक में फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से लोगों की जमीनों को हड़पने का खेल बदस्तूर जारी है। आए दिन जमीन फर्जीवाड़े के मामले मीडिया में छाए रहते है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सख्त रुख के बाद अस्थायी राजधानी देहरादून में पुलिस ने, जमीनों के फर्जी दस्तावेज बनाने वाले कई दिग्गज भू – माफियाओं को सलाखों में कैद कर दिया है। कैद होने वालो में कई नामी वकील और बिल्डर शामिल है। परन्तु कई मामले अभी भी अनसुलझे है।

फर्जीवाड़े का ऐसा ही एक मामला अस्थाई राजधानी देहरादून के राजपुर रोड पर जाखन क्षेत्र में सामने आया है। जहाँ कुछ लोगों ने आपसी सांठ–गांठ करके पीड़ित पक्ष की पैतृक सम्पति के कुछ भाग को ठिकाने लगा दिया।

जाखन निवासी प्रदीप चौधरी पुत्र स्व. श्री अमर सिंह ने थाना राजपुर में तहरीर देकर बताया कि, 140 राजपुर रोड, जाखन पर उनकी पैतृक सम्पति है, उनके पिता ने अपने जीवन काल में उस सम्पति के एक भाग पर बने क्वार्टर्स को अलग –अलग लोगों को विक्रय कर दिया था, परन्तु कुछ लोगों ने फर्जीवाड़ा करते हुए उनके द्वारा खरीदे गए क्वार्टर्स के साथ लगती हुई उनकी पैतृक जमीन भी बेच डाली।

प्रदीप चौधरी ने अपने शिकायत पत्र में कहा है कि श्री प्रीतम सिंह पुत्र पिल्लू राम, निवासी 140 राजपुर रोड, जाखन, देहरादून ने कुल 51.84 वर्ग मीटर एरिया क्रय किया था जबकि फर्जीवाड़ा करते हुए, बदनीयती से विक्रय पत्र में कूटरचना करते हुए, प्रार्थी की 15.07 वर्ग मीटर पैतृक भूमि की भी रजिस्ट्री करा डाली, अर्थात् खरीदी 51.84 वर्ग मीटर और बेच डाली 66.91 वर्ग मीटर।

इसी प्रकार श्रीमती शकुंतला लवानिया पत्नी श्री जे एस लवानिया तत्कालीन निवासी 140 राजपुर रोड जाखन ने कुल 68.29 वर्ग मीटर एरिया खरीदा था, परन्तु विक्रय पत्र में कूटरचना करते हुए 76.44 वर्ग मीटर एरिया बेच डाला। अर्थात फर्जीवाड़ा करते हुए प्रार्थी की पैतृक सम्पति का 8.15 वर्ग मीटर अतिरिक्त रकबा बेच डाला।

शिकायत पत्र में कहा गया है कि, उपरोक्त लोगों के अतरिक्त श्रीमती संतोष शर्मा पत्नी स्व श्री वाय डब्लू शर्मा एवं उनके पुत्र श्री संजय शर्मा तत्कालीन निवासी 140 राजपुर रोड़ ,देहरादून ने 25.65 वर्ग मीटर भूमि जो की कभी उन्होंने खरीदी ही नहीं थी, जाली कागजात बना कर फर्जी तरीके से दिल्ली के एक बिल्डर को बेच डाली। श्रीमती शकुंतला लवानिया ने भी इन्ही बिल्डर को फर्जी तरीके से 8.15 वर्ग मीटर अतिरिक्त रकबा बेच डाला।

तहरीर में दिल्ली निवासी बिल्डर की मंशा पर भी सवाल खड़े किये गए है कि, किस आधार पर उन्होंने इसे खरीदा। थानाध्यक्ष राजपुर श्री पी डी भट्ट तथा विवेचना कर रहे एस आई श्री प्रवेश रावत के अनुसार मामले की जाँच जारी है।

### सरकार को भी लगा रहे स्टाम्प ड्यूटी में चूना

इन माफियाओं द्वारा जमीनों के जाली कागजात बना कर बेचने से जहाँ आम आदमी को अपनी सम्पत्ति से हाथ धोना पड़ता है, तो वही दूसरी ओर सरकार को भी स्टाम्प ड्यूटी के रूप में मिलने वाला राजस्व भी नहीं मिल पाता। क्योकि जब असली मालिक से खरीद कर सम्पति आगे बेची जाती है, तो सरकार को दो बार स्टाम्प ड्यूटी व रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में कमाई होती है। परन्तु जब असली मालिक से खरीदे बिना ही जाली दस्तावेज बना कर सम्पति बेचीं जाती है तो सरकार को एक बार का ही राजस्व मिल पाता है।

# आवास नीति पर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**बैठक**

■सीएस ने की 21वीं राज्य स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में शहरी विकास विभाग की 21वीं राज्य स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत सफाई कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कर्मियों, भवन व अन्य निर्माण श्रमिकों, पीएम–स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा के लाभार्थियों को प्राथमिकता देने को लेकर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने उक्त विशेष फोकस ग्रुप लाभार्थियों के साथ ही अन्य सभी लाभार्थियों के चयन हेतु डिमाण्ड सर्वे को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने पीएमएवाई–यू 2.0 के तहत नए शहरों को शामिल करते हुए सूची को जल्द तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जो शहर पीएमएवाई–यू के तहत शामिल नही किये जा सके थे, उन्हें पीएमएवाई–यू 2.0 की सूची में रखा जाए। सीएस श्रीमती रतूड़ी ने पीएमएवाई–यू 2.0 के अनुरूप आवास नीति पर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

सचिवालय में शहरी विकास विभाग की 21वीं राज्य स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने वर्ष 2015 से 2022 तथा 31 दिसम्बर 2024 तक विस्तारित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा की तथा वर्ष 2024 से 2029 तक क्रियान्वित होने वाली प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत किये जाने वाले विभिन्न कार्यों को तत्परता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसएलएसएमसी के विभिन्न एजेंण्डा बिन्दुओं पर भी सहमति प्रदान की।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अनुरूप कैपिसिटी बिल्डिंग प्लान हेतु एटीआई नैनीताल में प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।

### केदारघाटी में विभिन्न विकास कार्यो के लिए 1389.75 लाख स्वीकृत

**संवाददाता** देहरादून। राज्य योजना के अंतर्गत विकासखंड अगस्त्यमुनि में चंद्रापुरीगुगली–आसो–जयकरण डी मोटर मार्ग के सुधार एवं डामरीकरण के लिए 535.10 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस मार्ग की कुल लंबाई 5 किमी है। इसके अतिरिक्त राज्य योजना के अंतर्गत विकासखंड अगस्त्यमुनि में सारी गौचर के मध्य अलकनंदा नदी पर डबल लेन क्लास ए लोडिंग 95 मीटर स्पान स्टील गार्डर मोटर सेतु एवं 2.50 किमी पहुँच मार्ग के नवनिर्माण के लिए 17.71 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। वहीं, राज्य योजना के अंतर्गत केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में दो निर्माण कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें 471.87 लाख की विकासखंड उखीमठ में गुप्तकाशी–जाखधार–तयूडी मोटर मार्ग से देवर मोटर मार्ग का सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्य के अतिरिक्त 365.07 लाख के विकासखंड अगस्तमुनि में अंदरगढ़ी से धारतोलियों मोटर मार्ग के सुधार एवं डामरीकरण को स्वीकृति प्रदान की गई है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+
Scan This Code
Read News
Watch News Channel





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।